# 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का संदेश

**26 जनवरी 2026**





ECL



# ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

सांकतोड़िया, पो०– डिसरगढ़, जिला : पश्चिम बर्द्धमान



मेरे प्रिय सहकर्मियों एवं सम्मानित हितधारकों,

भारत के 77वें गणतन्त्र दिवस के इस गौरवपूर्ण और गरिमामय अवसर पर, मैं ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड परिवार के प्रत्येक सदस्य– हमारे कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, कार्यकारियों, व्यावसायिक साझेदारों, हितधारकों एवं सहभागी समुदायों को, जो इस यात्रा में हमारे साथ खड़े हैं, हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई  प्रेषित करता हूँ। गणतन्त्र दिवस केवल एक औपचारिक मील के पत्थर सादृश पर्व नहीं है, बल्कि यह कर्तव्य, सत्यनिष्ठा, एकता, समानता, और जबाबदेही जैसे संवैधानिक मूल्यों की याद दिलाता है, जो एक नागरिक के साथ–साथ राष्ट्रीय संपत्ति के संरक्षक के रूप में हमारी जिम्मेदारियों को परिभाषित करते हैं।

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड का दिसंबर 2025 तक अस्थायी भौतिक एवं वित्तीय प्रदर्शन, वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्थिर प्रगति को दर्शाता है। हलांकि, संचयी आंकड़े अंतिम तिमाही में आने वाली चुनौतियों की विशालता को भी स्पष्ट रूप से उजागर करते हैं। दिसंबर तक संचयी कोयला उत्पादन 38.752 मिलियन टन के आनुपातिक लक्ष्य के मुकाबले 33.482 मिलियन टन रहा जो शेष महीनों में उत्पादन में निर्णायक तेजी लाने की आवश्यकता को दर्शाता है। 133.013 मिलियन घन मीटर की संचयी उपलब्धि के साथ अधिभार (ओवर बर्डन) हटाने का काम एक प्रमुख मजबूत क्षेत्र बना हुआ है, जो बढ़े हुये कोयला उत्पादन के लिए आवश्यक परिचालन तत्परता और लचीलापन प्रदान करता है। आपूर्ति की निरंतरता और राजस्व प्रवाह के समर्थन को सुनिश्चित करते हुये, दिसंबर तक संचयी कोयला उठाव 33.666 मिलियन टन तक पहुँच गया।

वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही में प्रवेश करते हुये, मैं प्रत्येक कर्मचारी, अधिकारी और कार्यकारी से आग्रह करता हूँ कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और उपलब्धि तथा लक्ष्य के बीच के अंतर को पाटने के लिए पूर्ण प्रयास करें। सम्पूर्ण कार्यबल की सामूहिक प्रतिबद्धता, संबद्धता की भावना

और निरंतर परिश्रम यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी कि ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड न केवल अपने लक्ष्यों को प्राप्त करेगी, बल्कि राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा में एक विश्वसनीय योगदानकर्ता के रूप में भी अपनी भूमिका को मजबूत करेगी। वर्तमान वित्तीय वर्ष में, ईसीएल स्थिरता, तत्परता और संस्थागत परिपक्वता से प्रेरित होकर सशक्त परिचालन स्थिति में है। पूरे वर्ष प्रदर्शन को बनाए रखने, प्रणालियों को मजबूत करने और उत्पादन, निकासी, सुरक्षा, शासन और बुनायादी ढांचे में विश्वसनीयता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। यह सुनिश्चित करते हुये कि प्रदर्शन परिणाम दोहराने योग्य, पूर्वानुमानित और राष्ट्रीय ऊर्जा आवश्यकताओं के अनुरूप हों, अलग–अलग उपलब्धियों के अनुगमन के बजाए, कंपनी ने दक्षता और लचीलेपन को अपने मूल कार्यों में समाहित करने पर ध्यान केन्द्रित किया है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष में ईसीएल के परिचालन में कोयले की निकासी और प्रेषण केंद्र में रहे हैं। पूर्व के वर्षों में सुदृढ़ किए गए निकासी प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुये वर्तमान में अनुकूलन और विश्वसनीयता पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। बेहतर रेक योजना, भारतीय रेलवे के साथ घनिष्ठ समन्वय, अनुशासित साइडिंग संचालन और रियल–टाइम निगरानी ने यह सुनिश्चित किया है कि कोयले की आवाजाही का उत्पादन के साथ एक समन्वय रहता है। पूर्व में प्रारम्भ की गई उच्च क्षमता वाली रेलवे अवसंरचना निकासी स्थिरता, भीड़–भाड़ में कमी और त्वरित टर्नअराउंड क्रम में निरंतर लाभ प्रदान कर रही है।

फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी पहलों के लक्षित क्रियान्वयन से  वर्तमान वर्ष के दौरान लोडिंग केन्द्रों पर मशीनीकरण, सुरक्षा और पर्यावरणीय प्रदर्शन में और अधिक सुधार हुआ है। इन पहलों से मैनुअल हैंडलिंग में कमी आई है, लोड की सटीकता में सुधार हुआ है और समग्र प्रणाली की विश्वसनीयता बढ़ी है, जिससे अधिक कुशल और पारदर्शी आपूर्ति शृंखला में योगदान मिला है।

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के परिचालनों में सुरक्षा एक अपरिवर्तनीय आधारशिला बनी हुई है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में, सुरक्षा को प्रक्रियात्मक दायित्व के बजाय एक साझा संगठनात्मक मूल्य के रूप में सुदृढ़ किया गया

है। नियमित सुरक्षा ऑडिट, संरचित प्रशिक्षण प्रणाली कार्यक्रम, सिमुलेशन आधारित अभ्यास और खनन प्रौद्योगिकियों में हो रहे बदलावों के अनुरूप निरंतर कौशल उन्नयन ने कार्यबल की तैयारी को मजबूत किया है। उन्नत निगरानी प्रणालियों, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों की बेहतर उपलब्धता और सक्रिय जोखिम पहचान ने सुरक्षा परिणामों में निरंतर सुधार और कार्यस्थल दुर्घटनाओं में कमी लाने में योगदान दिया है, जिससे ईसीएल की शून्य–हानि संस्कृति सुदृढ़ हुई है।

डिजिटल टेक्नोलॉजी के व्यापक एकीकरण की राह पर आगे बढ़ते हुए, डेटा आधारित निरीक्षण और त्वरित निर्णय लेने की प्रक्रिया को, एकीकृत खान प्रबंधन प्रणाली, जीपीएस–आधारित कोयला एवं अधिभार आवाजाही का रियल टाइम ट्रैकिंग, स्वचालित वेजब्रिज, डिजिटल डैशबोर्ड और लाइव मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म ने सक्षम बनाया है। इन उपकरणों ने पारदर्शिता बढ़ाई है, मैनुअल हस्तक्षेप को कम किया है और परिचालन स्तरों पर जबाबदेही को सुदृढ़ किया है। ई–ऑफिस, ई–टेंडरिंग और ईआरपी सिस्टम जैसे व्यापक प्लेटफार्मों ने कार्यप्रवाह को और भी सुव्यवस्थित किया है, दस्तावेजीकरण की सटीकता में सुधार किया है और अनुमोदन प्रक्रिया को गति दी है।

ईसीएल के विकास की संभावनाओं को वर्तमान वर्ष के दौरान भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन में हुई प्रगति ने और मजबूत किया है। अधिक समय से लंबित भूमि संबंधी मुद्दों के समाधान से खनन विस्तार और अवसंरचना विकास के लिए महत्वपूर्ण भूखंडों तक पहुँच संभव हो पाई है। डिजिटल ट्रैकिंग और सुव्यवस्थित सहभागिता तंत्र ने पारदर्शिता, अनुपालन और हितधारकों के विश्वास को बढ़ाया है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि भूमि प्रक्रियाएँ सामुदायिक हितों के प्रति संवेदनशील रहते हुये विकास को बढ़ावा दें।

पर्यावरण संरक्षण ईसीएल के परिचालन दर्शन का अभिन्न अंग बना हुआ है। वर्तमान वर्ष के दौरान वृक्षारोपण और वनीकरण अभियानों, हरित पट्टी विकास, धूल नियंत्रण उपायों, वैज्ञानिक तरीके से खदान जल प्रबंधन और खननोपरांत क्षेत्रों के व्यवस्थित पुनर्स्थापन पर निरंतर जोर दिया गया है। संरचित खदान समापन योजना, पारिस्थितिक बहाली और खनन के बाद

भूमि के टिकाऊ उपयोग का मार्गदर्शन करती रही है, जिससे जिम्मेदारीपूर्ण खनन के प्रति ईसीएल की प्रतिबद्धता और मजबूत हुई है। कंपनी ने ओटीएलए (One Time Lump Sum or Annuity) योजना के तहत रोजगार के बदले पहली बार एकमुश्त मुआवजा वितरित कर भूमि दाताओं को एकमुश्त वित्तीय पैकेज या वार्षिक भुगतान का विकल्प प्रदान करने की शुरुआत की है, जिससे लचीलापन, पारदर्शिता और दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित होती है। इससे विशेष रूप से सीमांत भूमि दाताओं और शिक्षित युवाओं को उद्यमिता, उच्च शिक्षा और स्वरोजगार के अवसर प्राप्त करने में लाभ होता है। यह ईसीएल में सुधार–उन्मुख, जन–केंद्रित भूमि एवं पुनर्वास प्रथाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्नत निगरानी प्रणालियों, स्थानीय प्रशासन और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ घनिष्ठ समन्वय और सक्रिय जोखिम को कम से कम करने के उपायों के माध्यम से जनशक्ति, सम्पत्तियों और कार्यालयों की सुरक्षा को और मजबूत किया गया है।

GeM का विस्तारित उपयोग, सुव्यवस्थित निविदा प्रक्रियाओं, विक्रेताओं के साथ सक्रिय सहभागिता और "मेक इन इंडिया" पहलों के साथ तालमेल ने आपूर्ति शृंखला की विश्वसनीयता में सुधार किया है और उपकरण, पुर्जे और सेवाओं की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की है, जिससे परिचालन में रुकावट कम हुई है और लागत दक्षता में वृद्धि हुई है।

वित्तीय दृष्टि से, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड वर्तमान वर्ष में स्थिरता और अनुशासन का प्रदर्शन जारी रखे हुये है। वित्त वर्ष 2024–25 सहित, पूर्व अवधियों में हासिल की गई मजबूत वित्तीय स्थिति, एक मानक के रूप में कार्य करती है, जिससे विवेकपूर्ण वित्तीय नियोजन, संसाधनों का इष्टतम उपयोग, समय पर वैधानिक अनुपालन और देनदारियों का शीघ्र निपटान संभव हुआ है। निरंतर निगरानी, आंतरिक लेखा परीक्षा और प्रणालीगत सुधारों ने वित्तीय प्रबंधन और संस्थागत विश्वसनीयता को और मजबूत किया है।

निगमित सामाजिक दायित्व ईसीएल की समाज के साथ सहभागिता का एक महत्वपूर्ण स्तम्भ बना हुआ है। वर्तमान वर्ष के दौरान, सीएसआर पहलों

ने स्वास्थ्य सेवा, पेयजल, शिक्षा, कौशल विकास, आजीविका संवर्धन, खेल प्रोत्साहन और सामुदायिक अवसंरचना पर ध्यान केन्द्रित करना जारी रखा है, जिससे सतत् प्रभाव उत्पन्न हुआ और ईसीएल के कार्य क्षेत्रों में विश्वास मजबूत हुआ है।

इस अवधि के दौरान साक्ष्य रही प्रगति, कोयला खदानों में अग्रिम मोर्चे पर काम करने वाले श्रमिकों से लेकर परिचालन रणनीति और प्रणालियों का संचालन करने वाले आधिकारियों और कार्यपालकों तक, सम्पूर्ण ईसीएल परिवार द्वारा प्रदर्शित समूहिक अनुशासन, पेशेवरता और प्रतिबद्धता का परिणाम है। राष्ट्रीय कर्तव्य की उनकी साझी भावना गणतन्त्र दिवस के उत्साह को दर्शाती है।

अगर भविष्य की ओर देखें तो, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड परिवर्तन के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ी है। ईसीएल स्वच्छ प्रौद्यिगिकियों, स्वचालन, निरंतर क्षमता निर्माण और सुदृढ़ शासन प्रणालियों को अपनाकर इस भविष्य की तैयार कर रही है। खनन का भविष्य अधिक कुशल, सुरक्षित और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारीपूर्ण होगा और ईसीएल इस परिवर्तन का नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध है।

गणतन्त्र दिवस के इस अवसर पर, आइए हम संविधान, जनसेवा और उन मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराएँ जो हमें एक राष्ट्रीय संगठन के रूप में परिभाषित करते हैं। आइए, हम निष्ठा, उत्तरदायित्व और गौरव के साथ राष्ट्र की सेवा करना जारी रखें।

**जय हिन्द, जय भारत**

कर्तव्यपरायण,

26.01.2026

**(सतीश झा)**
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित


৭৭তম প্রজাতন্ত্র দিবস উপলক্ষ্যে
অধ্যক্ষ তথা পরিচালন অধিকর্তার বার্তা
২৬ জানুয়ারী ২০২৬
ECL
ইস্টার্ন কোলফিল্ডস্ লিমিটেড
সাঁকতোড়িয়া, পোস্ট ঃ ডিসেরগড়, জেলা ঃ পশ্চিম বর্ধমান



ইস্টার্ন কোলফিল্ডস্ লিমিটেডের

আমার প্রিয় সহকর্মীবৃন্দ এবং সম্মানিত অংশীদারগণ,

ভারতের ৭৭তম প্রজাতন্ত্র দিবসের এই গৌরবময় ও মর্যাদাপূর্ণ উপলক্ষে, ইস্টার্ন কোলফিল্ডস্ লিমিটেড পরিবারের প্রতিটি সদস্য;আমাদের কর্মচারী, চুক্তিভিত্তিক কর্মী, আধিকারিক, সুপারভাইজার, নির্বাহী, ব্যবসায়িক অংশীদার, অংশীজন এবং সহযোগী সম্প্রদায়, যারা এই যাত্রায় আমাদের সঙ্গে অটলভাবে পাশে রয়েছেন;সকলকে আমি আন্তরিক শুভেচ্ছা ও অভিনন্দন জানাই। প্রজাতন্ত্র দিবস কেবল একটি আনুষ্ঠানিক মাইলফলক নয়; বরং এটি কর্তব্য, সততা, ঐক্য, সাম্য ও জবাবদিহিতার মতো সাংবিধানিক মূল্যবোধের স্মারক, যা নাগরিক হিসেবে এবং রাষ্ট্রীয় সম্পদের অভিভাবক হিসেবে আমাদের দায়িত্ব নির্ধারণ করে।

২০২৫ সালের ডিসেম্বর পর্যন্ত ইস্টার্ন কোলফিল্ডস্ লিমিটেডের অস্থায়ী ভৌত ও আর্থিক কর্মক্ষমতা বর্তমান অর্থবছরে স্থিতিশীল অগ্রগতির প্রতিফলন ঘটায়। তবে, সম্মিলিত পরিসংখ্যানগুলি চূড়ান্ত ত্রৈমাসিকে বিদ্যমান চ্যালেঞ্জগুলির ব্যাপকতাকেও স্পষ্টভাবে তুলে ধরে। ডিসেম্বর পর্যন্ত সম্মিলিত কয়লা উৎপাদন ৩৮.৭৫২ মিলিয়ন টনের আনুপাতিক লক্ষ্যের বিপরীতে ৩৩.৪৮২ মিলিয়ন টনে পৌঁছেছে, যা অবশিষ্ট মাসগুলিতে উৎপাদনে সিদ্ধান্তমূলক গতি সৃষ্টির প্রয়োজনীয়তাকে নির্দেশ করে। ১৩৩.০১৩ মিলিয়ন ঘন মিটার সম্মিলিত অর্জনের মাধ্যমে ওভারবার্ডেন অপসারণ একটি প্রধান শক্তিশালী ক্ষেত্র হিসেবে রয়ে গেছে, যা বাড়তি কয়লা উৎপাদনের জন্য প্রয়োজনীয় কার্যগত প্রস্তুতি ও স্থিতিস্থাপকতা নিশ্চিত করে। সরবরাহের ধারাবাহিকতা ও রাজস্ব প্রবাহকে সমর্থন প্রদান নিশ্চিত করে, ডিসেম্বর পর্যন্ত মোট কয়লা উত্তোলন ৩৩.৬৬৬ মিলিয়ন টনে পৌঁছেছে।

অর্থবছরের চূড়ান্ত ত্রৈমাসিকে প্রবেশের সঙ্গে সঙ্গে, আমি প্রতিটি কর্মচারী,

আধিকারিক ও নির্বাহীর কাছে আহ্বান জানাই যেন তারা এই সুযোগকে কাজে লাগিয়ে অর্জন ও লক্ষ্যের মধ্যকার ব্যবধান পূরণে সর্বোচ্চ প্রচেষ্টা গ্রহণ করেন। সমগ্র কর্মীবাহিনীর সম্মিলিত অঙ্গীকার, মালিকানার অনুভূতি ও ধারাবাহিক পরিশ্রম নিশ্চিত করবে যে ইস্টার্ন কোলফিল্ডস্ লিমিটেড কেবল তার লক্ষ্য অর্জনই করবে না, বরং রাষ্ট্রের জ্বালানি নিরাপত্তায় একটি নির্ভরযোগ্য অবদানকারী হিসেবেও তার ভূমিকা আরও সুদৃঢ় করবে। বর্তমান অর্থবছরে, ইসিএল স্থিতিশীলতা, প্রস্তুতি ও প্রাতিষ্ঠানিক পরিপক্কতায় উদ্বুদ্ধ হয়ে একটি শক্তিশালী কার্যগত অবস্থানে রয়েছে। সারা বছরজুড়ে কর্মক্ষমতা বজায় রাখা, ব্যবস্থাগুলি শক্তিশালী করা এবং উৎপাদন, উত্তোলন, নিরাপত্তা, শাসন ও অবকাঠামোতে নির্ভরযোগ্যতা নিশ্চিত করার ওপর জোর দেওয়া হয়েছে। পৃথক সাফল্যের অনুসরণের পরিবর্তে, সংগঠন দক্ষতা ও স্থিতিস্থাপকতাকে তার মূল কার্যক্রমে অন্তর্ভুক্ত করার ওপর মনোযোগ কেন্দ্রীভূত করেছে, যাতে ফলাফলগুলি পুনরাবৃত্তিযোগ্য, পূর্বানুমানযোগ্য এবং রাষ্ট্রীয় জ্বালানি প্রয়োজনের সঙ্গে সামঞ্জস্যপূর্ণ হয়।

বর্তমান অর্থবছরে ইসিএলের কার্যক্রমে কয়লা উত্তোলন ও প্রেরণ কেন্দ্রীয় ভূমিকা পালন করেছে। পূর্ববর্তী বছরগুলিতে শক্তিশালী করা উত্তোলন প্রক্রিয়াকে এগিয়ে নিয়ে গিয়ে, বর্তমানে অনুকূলন ও নির্ভরযোগ্যতার ওপর মনোযোগ দেওয়া হয়েছে। উন্নত রেক পরিকল্পনা, ভারতীয় রেলের সঙ্গে ঘনিষ্ঠ সমন্বয়, শৃঙ্খলাবদ্ধ সাইডিং পরিচালনা ও রিয়েল-টাইম নজরদারি নিশ্চিত করেছে যে কয়লার চলাচল উৎপাদনের সঙ্গে সমন্বিত থাকে। পূর্বে চালু করা উচ্চ-ক্ষমতাসম্পন্ন রেল অবকাঠামো উত্তোলনের স্থিতিশীলতা, ভিড় হ্রাস এবং দ্রুত টার্নঅ্যারাউন্ডে ধারাবাহিক সুবিধা প্রদান করছে।

ফার্স্ট মাইল কানেক্টিভিটি উদ্যোগগুলির লক্ষ্যভিত্তিক বাস্তবায়নের ফলে চলতি বছরে লোডিং কেন্দ্রগুলিতে যান্ত্রিকীকরণ, নিরাপত্তা ও পরিবেশগত কর্মক্ষমতায় আরও উন্নতি সাধিত হয়েছে। এই উদ্যোগগুলি ম্যানুয়াল হ্যান্ডলিং কমিয়েছে, লোডের নির্ভুলতা বাড়িয়েছে এবং সামগ্রিক ব্যবস্থার নির্ভরযোগ্যতা বৃদ্ধি করেছে, যার ফলে আরও দক্ষ ও স্বচ্ছ সরবরাহ শৃঙ্খল

গড়ে উঠেছে।

ইস্টার্ন কোলফিল্ডস্ লিমিটেডের কার্যক্রমে নিরাপত্তা একটি অ-আলোচনাযোগ্য ভিত্তি হিসেবে রয়ে গেছে। চলতি অর্থবছরে, নিরাপত্তাকে কেবল প্রক্রিয়াগত দায়িত্ব নয়, বরং একটি যৌথ প্রাতিষ্ঠানিক মূল্য হিসেবে আরও সুদৃঢ় করা হয়েছে। নিয়মিত নিরাপত্তা অডিট, কাঠামোবদ্ধ প্রশিক্ষণ কর্মসূচি, সিমুলেশন-ভিত্তিক অনুশীলন এবং খনন প্রযুক্তির পরিবর্তনের সঙ্গে সামঞ্জস্যপূর্ণ ধারাবাহিক দক্ষতা উন্নয়ন কর্মীবাহিনীর প্রস্তুতিকে শক্তিশালী করেছে। উন্নত নজরদারি ব্যবস্থা, ব্যক্তিগত সুরক্ষা সরঞ্জামের উন্নত প্রাপ্যতা এবং সক্রিয় ঝুঁকি সনাক্তকরণ নিরাপত্তা ফলাফলে ধারাবাহিক উন্নতি ও কর্মস্থল দুর্ঘটনা হ্রাসে অবদান রেখেছে, যার ফলে ইসিএলের শূন্য-ক্ষতি সংস্কৃতি আরও মজবুত হয়েছে।

ডেটা ভিত্তিক পরিদর্শন ও দ্রুত সিদ্ধান্ত গ্রহনের প্রক্রিয়া সমন্বিত খনি ব্যবস্থাপনা ব্যবস্থা, জিপিএস-ভিত্তিক কয়লা ও ওভারবার্ডেন চলাচলের রিয়েল-টাইম ট্র্যাকিং, স্বয়ংক্রিয় ওজন সেতু, ডিজিটাল ড্যাশবোর্ড এবং লাইভ মনিটরিং প্ল্যাটফর্ম তথ্যভিত্তিক তদারকি ও দ্রুত সিদ্ধান্ত গ্রহণকে সক্ষম করেছে। এই সরঞ্জামগুলি স্বচ্ছতা বাড়িয়েছে, ম্যানুয়াল হস্তক্ষেপ কমিয়েছে এবং কার্যগত স্তরে জবাবদিহিতা সুদৃঢ় করেছে।

ই-অফিস, ই-টেন্ডারিং ও ইআরপি সিস্টেমের মতো সমন্বিত প্ল্যাটফর্মগুলি কার্যপ্রবাহকে আরও সহজ করেছে, নথিপত্রের নির্ভুলতা বৃদ্ধি করেছে এবং অনুমোদন প্রক্রিয়াকে ত্বরান্বিত করেছে।

চলতি বছরে ভূমি অধিগ্রহণ, পুনর্বাসন ও পুনঃস্থাপনে অগ্রগতির মাধ্যমে ইসিএলের বিকাশ সম্ভাবনা আরও জোরদার হয়েছে। দীর্ঘদিন ধরে ঝুলে থাকা ভূমি সংক্রান্ত সমস্যার সমাধান খনন সম্প্রসারণ ও অবকাঠামো উন্নয়নের জন্য গুরুত্বপূর্ণ জমিতে প্রবেশাধিকার নিশ্চিত করেছে। ডিজিটাল ট্র্যাকিং ও সুবিন্যস্ত অংশগ্রহণ ব্যবস্থার মাধ্যমে স্বচ্ছতা, সম্মতি ও অংশীজনের বিশ্বাস বৃদ্ধি পেয়েছে, যা নিশ্চিত করেছে যে ভূমি প্রক্রিয়াগুলি সম্প্রদায়ের স্বার্থের

প্রতি সংবেদনশীল থেকে উন্নয়নকে এগিয়ে নিয়ে যায়।

পরিবেশ সংরক্ষণ ইসিএলের কার্যগত দর্শনের অবিচ্ছেদ্য অংশ হিসেবে রয়ে গেছে। চলতি বছরে বৃক্ষরোপণ ও বনায়ন কর্মসূচি, সবুজ বেষ্টনী উন্নয়ন, ধুলো নিয়ন্ত্রণ ব্যবস্থা, বৈজ্ঞানিকভাবে খনি জল ব্যবস্থাপনা এবং খননোত্তর এলাকার সুসংগঠিত পুনঃস্থাপনের ওপর ধারাবাহিক গুরুত্ব আরোপ করা হয়েছে। কাঠামোবদ্ধ খনি বন্ধ পরিকল্পনা পরিবেশগত পুনরুদ্ধার ও খননোত্তর ভূমির টেকসই ব্যবহারের দিকনির্দেশনা দিয়েছে, যার ফলে দায়িত্বশীল খননের প্রতি ইসিএলের অঙ্গীকার আরও শক্তিশালী হয়েছে।

উন্নত নজরদারি ব্যবস্থা, স্থানীয় প্রশাসন ও আইন প্রয়োগকারী সংস্থার সঙ্গে ঘনিষ্ঠ সমন্বয় এবং সক্রিয় ঝুঁকি হ্রাসমূলক ব্যবস্থার মাধ্যমে জনবল, সম্পদ ও স্থাপনার নিরাপত্তা আরও জোরদার করা হয়েছে।

GeM-এর বিস্তৃত ব্যবহার, সুবিন্যস্ত দরপত্র প্রক্রিয়া, বিক্রেতাদের সঙ্গে সক্রিয় অংশগ্রহণ এবং 'মেক ইন ইন্ডিয়া' উদ্যোগের সঙ্গে সামঞ্জস্য সরবরাহ শৃঙ্খলের নির্ভরযোগ্যতা বৃদ্ধি করেছে এবং যন্ত্রপাতি, যন্ত্রাংশ ও পরিষেবার সময়মতো প্রাপ্যতা নিশ্চিত করেছে, যার ফলে কার্যগত বিঘ্ন হ্রাস পেয়েছে এবং ব্যয় দক্ষতা বৃদ্ধি পেয়েছে।

আর্থিক দৃষ্টিকোণ থেকে, ইস্টার্ন কোলফিল্ডস্ লিমিটেড চলতি বছরে স্থিতিশীলতা ও শৃঙ্খলা প্রদর্শন অব্যাহত রেখেছে। ২০২৪-২৫ অর্থবছরসহ পূর্ববর্তী সময়কালে অর্জিত দৃঢ় আর্থিক অবস্থান একটি মানদণ্ড হিসেবে কাজ করছে, যা বিচক্ষণ আর্থিক পরিকল্পনা, সম্পদের সর্বোত্তম ব্যবহার, সময়মতো বিধিবদ্ধ সম্মতি এবং দায়বদ্ধতার দ্রুত নিষ্পত্তিকে সম্ভব করেছে। ধারাবাহিক তদারকি, অভ্যন্তরীণ নিরীক্ষা ও পদ্ধতিগত উন্নয়ন আর্থিক ব্যবস্থাপনা ও প্রাতিষ্ঠানিক বিশ্বাসযোগ্যতাকে আরও শক্তিশালী করেছে।

কর্পোরেট সামাজিক দায়বদ্ধতা ইসিএলের সমাজের সঙ্গে সম্পৃক্ততার একটি গুরুত্বপূর্ণ স্তম্ভ হিসেবে রয়ে গেছে। চলতি বছরে, সিএসআর উদ্যোগগুলি স্বাস্থ্যসেবা, পানীয় জল, শিক্ষা, দক্ষতা উন্নয়ন, জীবিকা উন্নয়ন, ক্রীড়া উৎসাহ

ও সম্প্রদায়ভিত্তিক অবকাঠামোর ওপর মনোযোগ বজায় রেখেছে, যার ফলে টেকসই প্রভাব সৃষ্টি হয়েছে এবং ইসিএলের কার্যক্ষেত্রে বিশ্বাস আরও দৃঢ় হয়েছে।

এই সময়কালে দৃশ্যমান অগ্রগতি কয়লা খনির অগ্রভাগে কর্মরত শ্রমিক থেকে শুরু করে কার্যগত কৌশল ও ব্যবস্থার নেতৃত্বদানকারী আধিকারিক ও নির্বাহীদের পর্যন্ত সমগ্র ইসিএল পরিবারের প্রদর্শিত সম্মিলিত শৃঙ্খলা, পেশাদারিত্ব ও অঙ্গীকারের ফল। রাষ্ট্রীয় কর্তব্যের প্রতি তাদের যৌথ অনুভূতি প্রজাতন্ত্র দিবসের চেতনাকেই প্রতিফলিত করে।

ভবিষ্যতের দিকে তাকালে, ইস্টার্ন কোলফিল্ডস্ লিমিটেড একটি গুরুত্বপূর্ণ রূপান্তর পর্যায়ে দাঁড়িয়ে রয়েছে। ইসিএল পরিচ্ছন্ন প্রযুক্তি, স্বয়ংক্রিয়করণ, ধারাবাহিক সক্ষমতা গঠন ও শক্তিশালী শাসন ব্যবস্থা গ্রহণের মাধ্যমে এই ভবিষ্যতের জন্য প্রস্তুতি নিচ্ছে। খননের ভবিষ্যৎ হবে আরও দক্ষ, নিরাপদ ও পরিবেশবান্ধব, এবং ইসিএল এই রূপান্তরের নেতৃত্ব দিতে প্রতিশ্রুতিবদ্ধ।

প্রজাতন্ত্র দিবসের এই উপলক্ষে, আসুন আমরা সংবিধান, জনসেবা এবং সেই মূল্যবোধগুলির প্রতি আমাদের অঙ্গীকার পুনর্ব্যক্ত করি, যা আমাদের একটি রাষ্ট্রীয় সংগঠন হিসেবে সংজ্ঞায়িত করে। আসুন, নিষ্ঠা, দায়িত্ববোধ ও গর্বের সঙ্গে আমরা রাষ্ট্রের সেবা করে যাই।

**জয় হিন্দ, জয় ভারত**

শুভকামনা সহ

২৬.০১.২০২৬

**(সতীশ ঝা)**

অধ্যক্ষ-তথা- পরিচালক অধিকর্তা

ইস্টার্ন কোলফিল্ডস্ লিমিটেডের জনসংযোগ বিভাগ দ্বারা প্রকাশিত